अमर उजाला 16/06/2025

# कृषि विश्वविद्यालयों की सूची में सीएसए प्रदेश में प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

**देश में मिला चौथा स्थान, राज्यों के आधार पर जारी की गई आईआईआरएफ रैंकिंग**

**सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि मेरठ को मिला देश में 22वां स्थान**

कानपुर। राज्यों के आधार पर जारी आईआईआरएफ रैंकिंग 2025 में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) को कृषि विश्वविद्यालयों की सूची में देश में चौथा और प्रदेश में पहला स्थान मिला है। रैंकिंग में देश के सभी राज्य विश्वविद्यालय को शामिल किया गया है।


प्रदेश के कृषि विवि की सूची में सीएसए विवि 929.44 स्कोर के साथ टॉप पर हैं। वहीं, प्रदेश के अन्य कृषि विवि में सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि मेरठ को देश में 22वां, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या को 38वां स्थान मिला है।

कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए सबके प्रयास का फल बताया। उन्होंने कहा कि सीएसए के वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अधिक उत्पादन के लिए अनुसंधान कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने गेहूं, तिलहन की कई नई प्रजातियां भी विकसित की हैं, जो जलवायु परिवर्तन और विभिन्न कीट व बीमारियों से भी सुरक्षित रहती है।

# सीएसए देश का चौथा टॉप विश्वविद्यालय बना

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) को कृषि विवि की सूची में देश में चौथा और प्रदेश में पहला स्थान मिला है। वहीं, राज्य विश्वविद्यालय की सूची में एचबीटीयू को देश में पहला स्थान मिला है। कृषि विवि की सूची में पंजाब कृषि विवि देश में पहले स्थान पर है, जबकि ओवर ऑल उसे सातवां स्थान मिला है।

देश के सभी राज्यों के आधार पर आईआईआरएफ रैंकिंग 2025 शनिवार को जारी हुई जिसमें देश के सभी राज्य विश्वविद्यालय को शामिल किया गया है। प्रदेश के कृषि विवि की सूची में सीएसए विवि कानपुर 929.44 स्कोर के साथ टॉप पर है। सीएसए विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि वैज्ञानिकों की टीम जलवायु परिवर्तन के साथ अधिक उत्पादन को लेकर अनुसंधान कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने गेहूं, तिलहन की विभिन्न नई प्रजातियां भी विकसित की हैं, जो जलवायु परिवर्तन में सुरक्षित रहने के साथ विभिन्न कीट व बीमारियों से सुरक्षित रहती है।



- आईआईआरएफ में दबदबा, टॉप-15 में दो विवि शामिल
- राज्य विवि की सूची में एचबीटीयू का देश में पहला स्थान

## इन विवि की इतनी रैंकिंग

| विश्वविद्यालय | रैंकिंग |
|---|---|
| पंजाब कृषि विवि लुधियाना | 7 |
| तमिलनाडु कृषि विवि कोयंबटूर | 8 |
| ओडिशा विवि ऑफ एग्रीकल्चर | 11 |
| चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौ. विवि | 13 |
| जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि जबलपुर | 14 |
| शेर-ए-कश्मीर विवि, कश्मीर | 15 |
| यूनिवर्सिटी ऑफ एग्री. साइंसेस धारवाड़ | 16 |
| सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विवि मेरठ | 22 |
| नवसारी कृषि विवि | 24 |
| आनंद एग्रीकल्चरल विवि | 29 |

हिंदुस्तान 16/06/2025

# वैज्ञानिकों ने बताईं उच्च गुणवत्ता के शोध पत्र लिखने की बारीकियां



कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक।

## सीएसए के वस्त्र एवं परिधान विभाग की ओर से हुआ उत्कृष्ट व्याख्यान

कानपुर, 15 जून। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग की ओर से आयोजित व्याख्यान शाला में मुख्य अतिथि केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, राजस्थान से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सीको जोस ने उच्च गुणवत्ता के शोध पत्र लिखने की विधियाँ विषय पर अपने विचार रखे। इस व्याख्यान से न केवल शोध छात्र-छात्राएं अपितु शिक्षक एवं वैज्ञानिक भी लाभान्वित हुए। उत्कृष्ट शोध पत्रों के प्रकाशन हेतु विभिन्न जटिल पहलुओं को बहुत ही सहज तरीके से समझाया गया तथा इसकी विधि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। छात्र-छात्राओं ने डॉ. सीको जोश से विभिन्न प्रश्न पूछ कर शोध पत्र के प्रकाशन में आने वाली समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया। वस्त्र एवं परिधान विज्ञान विभाग की सह-प्राध्यापक एवं शोध संयोजिका, डॉ. रितु पांडे की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. सीको जोश का स्वागत डॉ कौशल कुमार , अधिष्ठाता वानिकी विज्ञान महाविद्यालय एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सिद्दीकी ने किया। अंत में सामुदायिक विज्ञान विभाग की अधिष्ठाता डॉ. सीमा सोनकर ने डॉ. सीको जोस को उनके उत्कृष्ट व्याख्यान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन वस्त्र एवं परिधान विभाग की प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सीएसए के वस्त्र एवं परिधान विभाग में उच्च गुणवत्ता के शोध पत्र लिखने पर हुए उत्कृष्ट व्याख्यान

दि ग्राम टुडे ,

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के %वस्त्र एवं परिधान विभाग% द्वारा आयोजित व्याख्यान शाला में डॉ. सीको जोस, वरिष्ठ वैज्ञानिक, %केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान%,अविका नगर,राजस्थान के द्वारा



÷उच्च गुणवत्ता के शोध पत्र लिखने की विधियाँ ÷ विषय पर उत्कृष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया द्य इस व्याख्यान से न केवल शोध छात्र-छात्राएं अपितु शिक्षक एवं वैज्ञानिक भी लाभान्वित हुए द्य व्याख्यान का आयोजन %वस्त्र एवं परिधान विज्ञान विभाग% की सह-प्राध्यापक एवं शोध संयोजिका, डॉ. रितु पांडे द्वारा बहुत ही सफलता पूर्वक किया गया द्य सर्वप्रथम डॉ. सीको जोश का स्वागत डॉ कौशल कुमार , अधिष्ठता वानिकी विज्ञान महाविद्यालय एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सिद्दीकी के द्वारा किया गया , तत्पश्चात उत्कृष्ट शोध पत्रों के प्रकाशन हेतु विभिन्न जटिल पहलुओं को बहुत ही सहज तरीके से समझाया गया तथा इसकी विधि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया द्य उपस्थित छात्र-छात्राओं ने डॉ. सीको जोश से विभिन्न प्रश्न पूछ कर शोध पत्र के प्रकाशन में आने वाली समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया

# सीएसए के वस्त्र एवं परिधान विभाग में उच्च गुणवत्ता के शोध पत्र लिखने पर हुए उत्कृष्ट व्याख्यान

दैनिक कानपुर उजाला



**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान शाला में डॉ. सीको जोस, वरिष्ठ वैज्ञानिक, केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान,अविका नगर, राजस्थान के द्वारा उच्च गुणवत्ता के शोध पत्र लिखने की विधियाँ विषय पर उत्कृष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया इस व्याख्यान से न केवल शोध छात्र-छात्राएं अपितु शिक्षक एवं वैज्ञानिक भी लाभान्वित हुए व्याख्यान का आयोजन वस्त्र एवं परिधान विज्ञान विभाग की सह-प्राध्यापक एवं शोध संयोजिका, डॉ. रितु पांडे द्वारा बहुत ही सफलता पूर्वक किया गया द्य सर्वप्रथम डॉ. सीको जोश का स्वागत डॉ कौशल कुमार, अधिष्ठाता वानिकी विज्ञान महाविद्यालय एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सिद्दीकी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात उत्कृष्ट शोध पत्रों के प्रकाशन हेतु विभिन्न जटिल पहलुओं को बहुत ही सहज तरीके से समझाया गया तथा इसकी विधि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने डॉ. सी को जोश से विभिन्न प्रश्न पूछ कर शोध पत्र के प्रकाशन में आने वाली समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया द्य व्याख्यान की समाप्ति पर सामुदायिक विज्ञान विभाग की अधिष्ठाता डॉ. सीमा सोनकर के द्वारा डॉ. सीको जोस को उनके उत्कृष्ट व्याख्यान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन वस्त्र एवं परिधान विभाग की प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।